# गुड़ी पड़वा पर प्रदेश में जगह-जगह सूर्य उपासना

## सरकार ने सम्राट विक्रमादित्य के आदर्शों पर चलने का प्रयास किया : सीएम

- कोटि सूर्य उपासना का मुख्य कार्यक्रम राजधानी में हुआ
- मंत्रियों ने जिलों में आयोजित कार्यक्रम में लिया हिस्सा



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 19 मार्च. चैत्र प्रतिपदा, गुड़ी पड़वा के पावन पर्व पर गुरुवार को प्रदेश भर में अद्भुत नजारा देखने मिला, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से लेकर सभी मंत्री, सांसद, विधायकों ने एक साथ अलग-अलग स्थानों में सूर्य उपासना की. सबेरे सूर्य को अर्ध्य दिया और फिर बाद में ब्रह्म ध्वज की स्थापना की.**

मुख्य कार्यक्रम राजधानी में हुआ, जहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रवीन्द्र भवन परिसर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लिया. इससे पहले सबेरे मुख्यमंत्री निवास में सीएम ने भगवान सूर्य को अर्ध्य दिया. यह पहली बार हुआ कि राज्य सरकार के स्तर पर इस तरह का आयोजन किया गया. बाद में मुख्यमंत्री इंदौर और उज्जैन में अलग- अलग कार्यक्रमों में भी शामिल हुए. इंदौर से उन्होंने राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की, वहीं उज्जैन में इंफ्लुएंसर्स मीट में हिस्सा लेने के अलावा उन्होंने सृष्टि आरंभ दिवस पर हुए कार्यक्रम में भी शामिल हुए.

रवीन्द्र भवन में आयोजित विक्रमोत्सव-2026 के तहत कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज गुड़ी पड़वा है. संपूर्ण सृष्टि में गुड़ जैसी मिठास फैल गई है. ऐसा इसलिए, क्योंकि हमारी भारतीय संस्कृति में आज से नव संवत्सर एवं नववर्ष का प्रारंभ हो गया है. उन्होंने कहा कि नव संवत्सर सृष्टि के आरंभ दिवस की अमृत बेला को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला पर्व है.

आज से एक नए संवत् और भारतीय नववर्ष का प्रारंभ हो गया है. हमारे यहां संवत् सृष्टि के साथ, प्रकृति के सानिध्य में और शासक के पुरुषार्थ से प्रारंभ होता है. सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को परास्त किया. तत्कालीन समाज के अराजक तत्वों और आतताईयों का दमन किया. उन्होंने अपनी संपूर्ण प्रजा को कर्जमुक्त बनाया. सच्चे अर्थों में सामाजिक सद्भाव की नींव रखी. वे लोकतंत्र के महानायक थे. उनके पुरुषार्थ से ही प्रारंभ किया गया विक्रम संवत् आज 2083 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है.

### पं. कुंजीलाल दुबे के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्व. पं. कुंजीलाल दुबे तीन बार मप्र विधानसभा के अध्यक्ष रहे. विधानसभा अध्यक्ष के रूप में उन्होंने हिन्दी भाषा को प्रतिष्ठित स्थान दिलाने में बड़ा योगदान दिया. स्व. पं. दुबे के विधानसभा अध्यक्षीय कार्यकाल की सुदीर्घ सेवाओं और संसदीय परम्पराओं को और भी समृद्ध बनाने में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को स्व. पं. कुंजीलाल दुबे की 130वीं जन्म जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा भवन परिसर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. पं. दुबे की समाजोन्मुखी सेवाओं के लिए वर्ष 1964 में इन्हें पद्मभूषण की उपाधि विभूषित किया गया.

### जयपुर में निवेशकों को निवेश के लिए न्यौता देंगे सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भीलवाड़ा में टेक्सटाइल सेक्टर पर केंद्रित सफल संवाद के बाद अब 21 मार्च को जयपुर के आईटीसी राजपूताना में इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्यूनिटीज इन मप्र में उद्योग जगत से सीधा संवाद करेंगे, जहां वे मप्र में निवेश के अवसरों, नई औद्योगिक नीतियों और बेहतर अधोसंरचना की जानकारी देते हुए निवेशकों को राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए आमंत्रित करेंगे. जयपुर में आयोजित सत्र विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों—कृषि, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी, टेक्सटाइल एवं गारमेंट्स, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक व्हीकल, नवीकरणीय ऊर्जा, माइनिंग एवं मिनरल्स तथा पर्यटन से जुड़े उद्योगपतियों और औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता का साक्षी बनेगा.

# कलेक्टर साहब अब कार्रवाई नहीं हुई तो कभी नहीं होगी

- आप जैसे अफसर आएंगे और चले जाएंगे
- मानस भवन में विधायक शाक्य के कड़े तेवर



**गुना, 19 मार्च. शहर के मानस भवन में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 'नव संवत्सर' कार्यक्रम के दौरान उस समय असहज स्थिति निर्मित हो गई, जब गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने मंच से ही जिला प्रशासन और कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की कार्यप्रणाली पर तीखी टिप्पणियां कीं. विधायक ने गुनिया नदी के जीर्णोद्धार के मुद्दे पर कलेक्टर की ओर इशारा करते हुए गुनिया नदी का जिक्र किया और यहां तक कह दिया कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, फिर कभी नहीं होगा. आप जैसे ऐसे ही अफसर आते जाएंगे और चले जाएंगे.**

कार्यक्रम में संबोधन दे रहे विधायक शाक्य ने जिला प्रशासन द्वारा गुनिया नदी के जीर्णोद्धार के लिए उठाए जा रहे कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि यह काम इतना आसान नहीं है. उन्होंने कलेक्टर को सचेत किया कि इस मुहिम के दौरान दिल्ली और भोपाल से कई रसूखदारों के फोन आएंगे जो काम रुकवाने का दबाव बनाएंगे. विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा, अगर आप किसी भी सिफारिशी संदेश के आने से पहले कार्रवाई कर देंगे तभी गुनिया मुक्त हो पाएगी. अगर आप ऐसा करते हैं, तो मैं हर कदम पर आपके साथ खड़ा हूँ, लेकिन कागजों में काम करने से कुछ नहीं होगा. संबोधन के दौरान विधायक ने मानस भवन का निर्माण कराने वाले पूर्व कलेक्टर रमाकांत मिश्र को याद किया. उन्होंने वर्तमान कलेक्टर की ओर मुखातिब होते हुए कहा, वह भी जिलाधीश थे और आप भी जिलाधीश हैं. उनके काम को लोग आज भी याद करते हैं. अगर आप आज कार्रवाई नहीं कर पाए, तो भविष्य में कुछ नहीं होगा. आप जैसे कई अफसर आएंगे और चले जाएंगे. हालिया एलपीजी संकट और अन्य परेशानियों पर शोर मचाने वालों को टोकते हुए विधायक ने कहा कि संकट के समय सहनशीलता रखनी चाहिए.

# महाकौशल प्रांत में आरएसएस की शाखाओं में हुई वृद्धि

**जबलपुर, 19 मार्च. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक हरियाणा के समालखा में 13 से 15 मार्च तक सम्पन्न हुई. बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत एवं सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. देशभर से 1493 अपेक्षित कार्यकर्ताओं में से 1438 की उपस्थिति रही.**




उक्त जानकारी पत्रकार वार्ता में प्रांत संघचालक डॉ. प्रदीप दुबे एवं प्रांत प्रचार प्रमुख विनोद कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि बैठक में संगठन विस्तार, समाज की सज्जन शक्ति की सक्रियता और सामाजिक समरसता के संकल्प को प्रमुखता दी गई. पिछले वर्ष संघ कार्य में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें देशभर में शाखाओं की संख्या बढ़कर 88,949 हो गई है.

महाकौशल प्रांत में भी 533 शाखाओं की वृद्धि के साथ कुल शाखाएं 3,078 तक पहुंच गई हैं. संघ के शताब्दी वर्ष (2025-26) के अंतर्गत देशभर में 62,555 विजयादशमी उत्सव आयोजित हुए.

# शिवपुरी में जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू

**शिवपुरी.** जिले में आज से जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया, जिसके तहत प्राचीन जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. सूत्रों के अनुसार यह अभियान 19 मार्च से 30 जून तक संचालित किया जाएगा. इसके अंतर्गत जिले में तालाब, नदियों, कुओं सहित अन्य जल स्रोतों के संरक्षण, पुनर्जीवन और संवर्धन के लिए कार्य किए जाएंगे. सूत्रों ने बताया कि जल की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी जल स्रोतों का संरक्षण और पुनर्जीवन अत्यंत आवश्यक है. इस अभियान को महत्वपूर्ण माना जा रहा है. प्रशासन द्वारा अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के सुधार और जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के प्रयास भी किए जाएंगे.

# शिक्षा टेंडरों पर नायक ने उठाए गंभीर सवाल

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 19 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने गुरुवार को स्कूल शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा वर्ष 2023 से 2025 के बीच जारी टेंडरों में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और संगठित भ्रष्टाचार के आरोप लगाए.**



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए नायक ने कहा कि मामला केवल पुराने टेंडरों तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्तमान में जारी प्रक्रियाओं में भी ऐसी गड़बड़ियों की पुनरावृत्ति की आशंका है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सरकार को सचेत करने और संभावित भ्रष्टाचार रोकने के उद्देश्य से यह मुद्दा उठाया है.

उन्होंने नर्मदा वैली डेवलपमेंट अथॉरिटी का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि फर्जी बैंक गारंटी और अनियमितताओं से जुड़े पहले के मामलों में अब तक कोई ठोस जवाब नहीं मिला है. वर्ष 2023 के टेंडर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि तत्कालीन आईएएस अधिकारी वीणा राणा के कार्यकाल में 3,500 कंप्यूटर, यूपीएस और प्रिंटर की खरीदी की लागत 40 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 90 करोड़ रुपये हो गई. उन्होंने आरोप लगाया कि तकनीकी शर्तों के जरिए प्रतिस्पर्धा सीमित कर उपकरण बाजार मूल्य से 200-250 प्रतिशत अधिक दर पर खरीदे गए, जो केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है.


वर्ष 2025 में आईएएस अधिकारी शिल्पा गुप्ता के कार्यकाल में इंटरएक्टिव बोर्ड टेंडरों में भी इसी तरह की गड़बड़ियों का आरोप लगाया गया. उन्होंने कहा कि एसर को प्रारंभ में बाहर किए जाने के बावजूद उसी कंपनी के उपकरणों की आपूर्ति की गई. वर्ष 2026 के नए टेंडरों को लेकर चिंता जताते हुए नायक ने उच्चस्तरीय एसआईटी जांच, भुगतानों के फॉरेंसिक ऑडिट और सभी संबंधित व्यक्तियों की भूमिका की जांच की मांग की.

# भक्ति में लीन रहने वाले याकूब ने अपनाया सनातन धर्म

**खंडवा.** हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा पर याकूब खान ने सनातन धर्म स्वीकार कर शहर के महादेवगढ़ मंदिर में विधिवत अनुष्ठान के बीच हिंदू धर्म की दीक्षा ली. वैदिक मंत्रोच्चार और शुद्धिकरण के पश्चात अब वे सनातन परंपरा के ध्वजवाहक बन गए हैं. जानकारी के अनुसार, याकूब खान की रुचि बचपन से ही हिंदू धर्म ग्रंथों, भजन-कीर्तन और मंदिर संस्कृति में अधिक थी. वे भगवान श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त हैं. उन्होंने बताया कि उनकी अंतरात्मा हमेशा से ही भगवान कृष्ण और महादेव की भक्ति में रमी रही, जिसके चलते उन्होंने नव संवत्सर के प्रथम दिन को इस बड़े परिवर्तन के लिए चुना. सूत्रों की मानें तो याकूब के इस निर्णय का उनके परिवार में कड़ा विरोध हुआ, लेकिन याकूब अपने संकल्प पर अडिग रहे. उन्होंने स्पष्ट किया कि धर्म और ईश्वर का चयन उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आत्मा की पुकार है. मंदिर में उपस्थित विद्वान पंडितों ने शास्त्रोक्त विधि से पूजन संपन्न कराया.

# प्रबंधक ने किया गुड्स शेड निरीक्षण

**भोपाल, 19 मार्च. पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक अरविंद कुमार रजक ने 19 मार्च को भोपाल रेलवे स्टेशन एवं निशातपुरा गुड्स शेड का सघन निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया.**



निरीक्षण के दौरान प्लेटफॉर्म, वेटिंग हॉल, टिकट काउंटर, एग्जीक्यूटिव लाउंज, स्लीपिंग पोड, एस्केलेटर, लिफ्ट, पेयजल व्यवस्था, यात्री सूचना प्रणाली, शौचालयों एवं स्टेशन परिसर की साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन किया गया. श्री रजक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रियों की सुविधा और सुगमता सर्वोच्च प्राथमिकता रहे तथा सभी व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाया जाए.

इसके साथ ही उन्होंने निशातपुरा स्थित गुड्स शेड का भी निरीक्षण कर माल ढुलाई से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए. निरीक्षण का उद्देश्य यात्री सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने और रेलवे संचालन को अधिक प्रभावी बनाना रहा. इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

# दो ट्रेनों में थर्ड एसी कोच बढ़े, यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे का निर्णय

**भोपाल.** भोपाल मंडल से गुजरने वाली दो प्रमुख ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे ने थर्ड एसी कोच बढ़ाने का फैसला किया है. यह व्यवस्था मई माह से अगले आदेश तक लागू रहेगी. गाड़ी संख्या 19413/14 अहमदाबाद-कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस में 27 मई को अहमदाबाद से और 30 मई को कोलकाता से चलने वाली ट्रेन में थर्ड एसी कोच की संख्या 5 से बढ़ाकर 6 कर दी जाएगी. वहीं, गाड़ी संख्या 22947/48 सूरत-भागलपुर-सूरत एक्सप्रेस में 23 मई को सूरत से और 25 मई को भागलपुर से चलने वाली ट्रेन में थर्ड एसी कोच 6 से बढ़ाकर 7 किए जाएंगे.

# प्रदेश में आंधी-बारिश के साथ ओलों का अलर्ट

**03** दिन मौसम में बड़ा बदलाव एमपी में

**30** जिलों में आंधी-बारिश का चेतावनी



**भोपाल, 19 मार्च. मध्यप्रदेश में गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ले ली है. प्रदेश में एक्टिव मौसम सिस्टम के चलते अगले तीन दिनों तक आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का असर देखने को मिलेगा.**

मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर, ग्वालियर सहित 30 से ज्यादा जिलों में अलर्ट जारी किया है, जबकि सिवनी, मंडला और बालाघाट जिलों में ओले गिरने की संभावना जताई गई है.

दरअसल, प्रदेश में दो ट्रफ लाइन और एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय हैं, जिसके कारण मौसम में यह बड़ा बदलाव आया है. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस सिस्टम का असर लगभग 72 घंटे तक रहेगा. इस दौरान 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है.

इस बार मार्च में पहली बार ओलावृष्टि देखने को मिल सकती है. खासतौर पर सिवनी, मंडला और बालाघाट में दो दिन तक ओले गिरने की संभावना है. इससे पहले फरवरी में भी चार बार मौसम बदला था, जिससे कई इलाकों में फसलों को नुकसान हुआ था. ऐसे में किसानों की चिंता एक बार फिर बढ़ गई है. हालांकि, इस बदले मौसम से लोगों को गर्मी से राहत मिली है. कई शहरों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. लेकिन यह राहत ज्यादा दिनों तक नहीं रहने वाली.

# पत्नी हत्या में पति को उम्रकैद

- मुरैना कोर्ट का फैसला, शादी के 20 दिन बाद की थी हत्या
- तृतीय अपर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया

**मुरैना, 19 मार्च. जिले में पत्नी की हत्या के मामले में अदालत ने आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही उस पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है.**

घटना 29 मार्च 2025 की है, जब बामौर थाना क्षेत्र के जंगल में एक महिला का शव मिला था. गले पर चाकू के घाव मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की. बाद में मृतका की पहचान रचना कुशवाह के रूप में हुई. जांच में सामने आया कि रचना की शादी महज 20-25 दिन पहले आरोपी लखन सिंह से हुई थी. घटना वाले दिन आरोपी उसे दावत के बहाने मोटरसाइकिल से ले गया और हत्या कर दी. अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर तृतीय अपर न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई.

# योजना के तहत परिजनों को 1 करोड़ की बीमा सहायता

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 19 मार्च. मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित वेलफेयर योजनाएं कठिन परिस्थितियों में पुलिसकर्मियों के परिवारों के लिए मजबूत सहारा बनकर उभर रही हैं. आकस्मिक मृत्यु के मामलों में परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है.**




भारतीय स्टेट बैंक की पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत बड़वानी और मुरैना में दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की बीमा राशि प्रदान की गई. बड़वानी में दिवंगत आरक्षक जयेश वर्मा की दुर्घटना में मृत्यु के बाद उनके परिजनों को यह सहायता दी गई. पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल ने चेक सौंपा.

इसी प्रकार मुरैना में दिवंगत आरक्षक प्रद्युम्न दीक्षित और अनिल कौरव के परिजनों को भी एक-एक करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई. इस दौरान पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने चेक वितरित किए. इस योजना के अंतर्गत आकस्मिक मृत्यु बीमा, सस्ती ब्याज दर पर होम लोन सहित कई वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जो पुलिस परिवारों को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती हैं.



# पुलिस ने ध्यान सत्र का किया आयोजन

- कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य पर जोर

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 19 मार्च. पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने और जनसेवा में संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस ने 19 मार्च को देवास के औद्योगिक क्षेत्र थाने में विशेष ध्यान एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया.**

यह कार्यक्रम पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा और पुलिस महानिरीक्षक रुचि वर्धन मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत के नेतृत्व में आयोजित हुआ. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु कमलेश डी. पटेल की उपस्थिति रही, जिन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ संवाद करते हुए ध्यान सत्र का संचालन किया. उन्होंने तनाव प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन और सकारात्मक सोच विकसित करने के व्यावहारिक उपाय बताए. उन्होंने कहा कि हर रविवार 30 मिनट का ध्यान पूरे सप्ताह की चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के लिए 'मानसिक कवच' का काम करता है.

यह पहल वर्ष 2025 में हार्टफुलनेस संस्थान के साथ हुए समझौते के तहत शुरू की गई, जिसके अंतर्गत सभी थानों में नियमित सत्र आयोजित किए जा रहे हैं. कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण भी किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण और आंतरिक शांति का प्रतीक है.

सर्वोच्च फैसला — विजयपुर विधायक पर सुको के फैसले का स्वागत

# जीतू पटवारी ने कहा- सत्य और न्याय की जीत

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 19 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भारत का सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विजयपुर के विधायक मुकेश मल्होत्रा की विधानसभा सदस्यता बरकरार रखने के निर्णय का स्वागत किया है. उन्होंने इसे सत्य, न्याय, लोकतंत्र और संविधान की ऐतिहासिक जीत बताया.**



पटवारी ने कहा कि यह फैसला केवल एक विधायक की सदस्यता बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनमत और लोकतांत्रिक मूल्यों की सशक्त पुष्टि है. उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायपालिका ने एक बार फिर साबित किया है कि देश में संविधान सर्वोपरि है और किसी भी राजनीतिक षड्यंत्र के सामने न्याय नहीं झुकता.

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विजयपुर में जनमत को कमजोर करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयास किए गए. हालांकि, उन्होंने कहा कि अंततः सत्य की जीत हुई और यह निर्णय ऐसे प्रयासों के खिलाफ एक करारा जवाब है.

पटवारी ने आगे कहा कि यह पहला मामला नहीं है, जब जनप्रतिनिधियों को डराने या जनादेश को पलटने की कोशिश की गई हो. उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी.

# डायल-112 टीम ने बिछड़ी बालिका को परिवार से मिलाया

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 19 मार्च. डायल-112 पुलिस कर्मियों की तत्परता और संवेदनशीलता से रायसेन जिले में एक 8 वर्षीय मानसिक रूप से अस्वस्थ बालिका को उसके परिवार से सुरक्षित मिलाया गया. अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी.**



भोपाल स्थित राज्य स्तरीय डायल-112 कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि थाना मंडीदीप क्षेत्र की आकांक्षा कॉलोनी में एक बालिका अकेली मिली है. सूचना मिलते ही तत्काल डायल-112 एफआरवी वाहन को मौके पर भेजा गया. घटनास्थल पर पहुंचकर प्रधान आरक्षक महेश कुमार टेकाम एवं पायलट सौरभ ने बालिका को सुरक्षित संरक्षण में लिया.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60